# बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम लि0, पटना

(बिहार सरकार का एक उपकम)

पश्चिमी बोरिंग कैनाल रोड, पटना।

BUIDCo
Building Better Tomorrow

## कार्यालय आदेश

संख्या- Buido/2710 दिनांक- 20/6/19

बुडको के अन्तर्गत कार्यान्वित विभिन्न योजनाओं, यथा अमृत योजना, नमामि गंगे, एवं अन्य राज्य योजनाओं को योजनावार एवं मदवार Timeline के अनुरुप कार्य पूर्ण कराने हेतु उसके गहन अनुश्रवण के संदर्भ में नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार सरकार के पत्रांक-1481 दिनांक-13.06.2019 द्वारा कई दिशा निदेश प्राप्त हुए है। इस आलोक में बुडको के सभी अभियंतागण को आदेश दिया जाता है कि वे निम्नलिखित दिशा-निदेश का अनुपालन करना सुनिश्चित करेंगे।

(i) संबंधित कार्यपालक अभियंता/ योजनावार मासिक लक्ष्य को साप्ताहिक एवं दैनिक लक्ष्य में परिवर्तित करेंगे।

(ii) बुडको द्वारा Water Supply Project (AMRUT,State Plan एवं ADB) नमामि गंगे परियोजना तथा ड्रेनेज प्रोजेक्ट के लिए अलग -अलग Whatsapp Group यथाशीघ्र बनाना सुनिश्चित करेंगें। जिसमें बुडको के पदाधिकारियों के अतिरिक्त AMRUT PDMC, नमामि गंगे के SPMG, विभागीय पदाधिकारियों एवं प्रधान सचिव तथा माननीय विभागीय मंत्री के कार्यालय को भी इस ग्रुप के सदस्य के रुप में शामिल करेंगे।

(iii) योजनाओं से संबंधित जिला में पदस्थापित बुडको के कार्यपालक अभियंता प्रत्येक दिन योजना से संबंधित स्थलों का पर्यवेक्षण करेगें एवं वै दैनिक आधार पर मुख्य मदों (यथा जलापूर्ति हेतु Boring, Pipeline पर Household connections) के दैनिक लक्ष्य के विरुद्ध हुई प्रगति उक्त Whatsapp Group पर Upload करेंगे। यही प्रक्रिया नमामि गंगे एवं ड्रेनेज योजना के लिए भी लागू करना सुनिश्चित करेंगे। इस कार्य में सभी कार्यपालक अभियंता प्रबंधक (सूचना तकनीकी), बुडको (मो0 8544413112) से सहयोग प्राप्त कर सकते है।

(iv) AMRUT PDMC एवं NAMAMI GANGE से संबंधित अभियंता भी प्रत्येक दिन योजना स्थल का भ्रमण करेंगे एवं वे परियोजना के सारे में Progress Report एवं Comment उसी Whatsapp Group पर upload करेंगे।

(v) संबंधित अधीक्षण अभियंता एवं मुख्य अभियंता दैनिक आधार पर uploaded Reports की समीक्षा करेंगे एवं Daily Target के Shortfall की स्थिति में संबंधित कार्यपालक अभियंता एवं संवेदक से स्वयं बात करेंगे। संबंधित अधीक्षण अभियंता/मुख्य अभियंता साप्ताहिक आधार पर प्रत्येक योजना का स्थल भ्रमण कर प्रगति की समीक्षा करेंगे।

(vi) कार्य के दौरान उत्पन्न कठिनाईयों का निराकरण कार्यपालक अभियंता अपने स्तर से करेंगे। इस प्रक्रिया में यदि कहीं कोई कठिनाई होगी तो मामले को उच्चाधिकारी के संज्ञान में लायेंगे।

(vii) मुख्य अभियंता योजनाओं की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित करेंगे, जिसकी अध्यक्षता अद्योहस्ताक्षरी द्वारा की जायेगी। उक्त समीक्षा बैठक में अधीक्षण अभियंता एवं संवेदक भी उपस्थित रहेंगे।

(viii) प्रत्येक माह के अन्त में Target के विरुद्ध Achievement में Shortfall की स्थिति में Agreement के Clause of contract के अनुसार Compensation for Delay (Liquidated Damage) लागू करेंगे।

(ix) कार्यान्वयन में किसी भी प्रकार की समस्या की स्थिति में संबंधित कार्यपालक अभियंता की जिम्मेदारी होगी कि वे संबंधितों से मिलकर उसका निराकरण करायेंगे। उनके स्तर से समस्या के निराकरण नही होने की स्थिति में वे अपने वरीय पदाधिकारी को सूचित करेंगे।

(x) सभी कार्यपालक अभियंता संवेदक को देय भुगतान में विलम्ब नहीं करेंगे। साथ ही सभी अभियंतागण यह भी सुनिश्चित करेंगे कि Household connections के बिना Pipeline के कार्य का भुगतान न हो।

(xi) योजना के कार्यान्वयन की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार का समझौता नही करेंगे।

यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

(हस्ताक्षर) 20.6.19

**प्रबंध निदेशक,**
बुडको पटना।

**ज्ञापांक:-** 2710 **दिनांक:-** 20/6/19

**1.प्रतिलिपि:-** प्रधान सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ समर्पित।

**2.प्रतिलिपि:-** सभी मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता, कार्यपालक अभियंता, सहायक अभिंयता एंव कनीय अभियंता, बुडको को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

**3.प्रतिलिपि:-** महाप्रबंधक (वित्त) प्रबंधक (वित्त), मुख्यालय एवं एस.आई.यू., प्रबंधक (विधि) एवं प्रबंधक (सू0त0) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
प्रबंधक (सू0त0) को निदेश दिया जाता है कि सभी अभियंतागण को ई-मेल के माध्यम से इस आदेश के प्रति को अविलम्ब भेजना सूनिश्चित किया जाय।

**4.प्रतिलिपि:-** प्रबंध निदेशक कोषांग, बुडको को सूचनार्थ प्रेषित।

(हस्ताक्षर) 20.6.19

**प्रबंध निदेशक,**
बुडको पटना।